# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA

देवासमार्ग, उज्जैन (मध्यप्रदेशः) 456010

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com, Website-www.mpsvv.ac.in


क्र./मपासंवि/कु.स./2021/ 53 उज्जैन, दिनांक 28 / 5 /2021

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, उच्चशिक्षा, वल्लभ भवन, मन्त्रालय आदेश क्र. 529/605/2021/38-3 दिनांक 31.03.2021 तथा आयुक्त उच्चशिक्षा, भोपाल का आदेश क्र. 589/142/आउशि/शा-5 अ/2021 दिनांक 04.05.2021 के परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा कोविड-19 के संकट के चलते खुली किताब (Open Book) पद्धति द्वारा माह जून 2021 में स्नातक तृतीयवर्ष, आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर/आचार्य उत्तरार्द्ध, एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर/एम.ए. उत्तरार्द्ध तथा डिप्लोमा परीक्षायें अधोलिखित नियम-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जायेंगी। सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कृपया निम्नलिखित दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

| क्रं. | कार्यविवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर प्रश्नपत्र अपलोड करने की तिथि | 26.06.2021 |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 08.07.2021 |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालयों को उत्तरपुस्तिकायें भेजने की अन्तिमतिथि | 13.07.2021 |
| 04 | विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करना | 10.08.2021 |

1. विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र होंगे। महाविद्यालयों के प्राचार्य संग्रहण केन्द्र के प्रभारी होंगें। जो सन्दर्भित सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए आवश्यक कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के लिए जिम्मेदार होंगे।
2. सम्बन्धित महाविद्यालय (जहाँ छात्र अध्ययनरत है) नियमित छात्रों के लिए संग्रहण केन्द्र होगा तथा स्वाध्यायी छात्रों के लिए संग्रहण केन्द्र, विश्वविद्यालय द्वारा पूर्वतः निर्धारित वह परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) होगा, जहाँ से परीक्षार्थी ने परीक्षा आवेदन अग्रसारित करवाया है। उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र में परीक्षार्थी से जमा कराये गये प्रति छात्र रुपये 150 से परिव्यय किया जा सकेगा। जो निम्नानुसार होगा-

   * केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य के लिए — 25=00 प्रति छात्र
   * उत्तरपुस्तिका संग्राहक/लिपिक के लिए — 15=00 प्रति छात्र
   * संग्रहण केन्द्र के भृत्य/सेवक हेतु — 05=00 प्रति छात्र
   * पोस्टेज एवं अन्य परिव्यय हेतु — 15=00 प्रति छात्र

   कुलयोग — 60=00 प्रति छात्र

   शेष बची हुई केन्द्र शुल्क की राशि (प्रति छात्र 90 रुपये) विश्वविद्यालय के खाते में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य जमा करवायेंगे।
3. आचार्य/एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर में 100 अंको का परियोजना प्रतिवेदन निर्धारित है अतः सम्बन्धित छात्र से परियोजना जमा करवायें तथा मूल्याङ्कन करवाकर अंक प्रेषित करें।

4. शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष तथा आचार्य/एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर/एवं आचार्य/एम.ए.उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थियों की ओपन बुक परीक्षा 28 जून से 07 जुलाई के मध्य होना है। जिसके प्रश्नपत्र 26 जून 2021 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे तथा आपके महाविद्यालय के ईमेल पर भी प्रेषित किये जायेंगे। परीक्षार्थी से सम्बन्धित सभी प्रश्नपत्रों को एक साथ उसके ईमेल पर, व्हाट्सएप पर या अन्य किसी सुरक्षित माध्यम से परीक्षार्थी को 27 जून 2021 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. कृपया परीक्षार्थी को सूचित करें कि परीक्षार्थी, निर्धारित समयसीमा में घर से ही ओपन बुक परीक्षा देगा। वह A4 साइज के पेपर में प्रश्नोत्तर लिखेगा तथा सभी प्रश्नपत्रों की उत्तरपुस्तिकायें एक साथ आपके महाविद्यालय/संग्रहण केन्द्र में दिनांक 08 जुलाई 2021 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रुप से जमा करेगा। यदि परीक्षार्थी व्यक्तिगत उपस्थित होकर उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने में असमर्थ है तो उसे दिनांक 08-जुलाई-2021 तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय के पते पर भेजना अनिवार्य होगा। नियत तिथि के पश्चात् भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
6. महाविद्यालय द्वारा संग्रहित सभी उत्तरपुस्तिकायें विषयवार तथा कक्षावार बण्डल बनाकर विश्वविद्यालय को 13 जुलाई 2021 तक अनिवार्यतः प्रेषित की जायें।
7. कृपया परीक्षार्थी को यह स्पष्ट निर्देश करेंगे कि प्रत्येक परीक्षार्थी A4 साइज के पेपर की स्वनिर्मित उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर संलग्नक-1 को चस्पा करेगा तथा आवश्यक जानकारी अनिवार्य रूप से भरेगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 10 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमे से परीक्षार्थी को पांच प्रश्न हल करने होंगे।
8. महाविद्यालय के सभी छात्रों (नियमित तथा स्वाध्यायी) को समयानुसार आवश्यक जानकारी देना तथा उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त करना महाविद्यालय के प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी।
9. कोई भी परीक्षार्थी (नियमित अथवा स्वाध्यायी) परीक्षा से वंचित न रह जाये, इसका पूरा ध्यान रखा जाये।
10. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों के लिए भी ओपन बुक परीक्षा का समय 28 जून से 07 जुलाई 2021 तक ही निर्धारित है । तदनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये।
11. समस्त विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in का अवलोकन कर प्रश्न पत्र अपलोड/डाउनलोड करने व उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने की समय सारणी तथा दिशा-निर्देशों का अवलोकन करें तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के सतत सम्पर्क में रहें।
12. स्वाध्यायी विद्यार्थियों को लिखित उत्तरपुस्तिकायें अग्रेषित महाविद्यालय (जहाँ उक्त विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म जमा किया गया था) में जमा करनी होगी।
13. सभी प्रश्नपत्र, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एक साथ अपलोड किए जायेंगे।
14. उक्त प्रश्नपत्रों को परीक्षार्थियों द्वारा स्वयं डाउन लोड किया जाकर हल करना है। इस हेतु उनको यथा सम्भव ए-4 साइज़ पेपर या रजिस्टर के कागज़ का उपयोग करना है।
15. उत्तरपुस्तिका हेतु पेपर की व्यवस्था परीक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी।
16. प्रत्येक विद्यार्थी अपनी समस्त उत्तर पुस्तिकाएँ जमा करने की अंतिम 08-07-2021 को सायं 05:00 बजे तक या उसके पूर्व अपने महाविद्यालय में एक साथ जमा करेगा। यदि छात्र निर्धारित तिथि तक व्यक्तिगत उपस्थित होकर उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने में असमर्थ है तो उसे दिनांक 08-07-2021 तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय के पते पर भेजना अनिवार्य होगा।
17. परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिए नीले/काले बाल पेन का उपयोग करें।
18. उत्तर पुस्तिका हस्तलिखित (Hand Written) होना अनिवार्य है। टाइप की हुई, प्रिंटेड अथवा कम्प्यूटराइज उत्तर पुस्तिकाएँ स्वीकार नही होगी

19. विद्यार्थी समस्त उत्तर पुस्तिकाओं पर संलग्नक 02 फार्मेट चिपका कर/लगा कर (महाविद्यालय) में जमा करेगा। (फॉर्मेट इस अधिसूचना के साथ संलग्न है)
20. प्रत्येक उत्तरपुस्तिका पर विद्यार्थी के प्रवेश पत्र (Admit Card) की फोटो कॉपी लगाना अनिवार्य है।
21. विश्वविद्यालय स्तर पर इस कार्य के लिए एक विशेष सेल की स्थापना की गई है, जहाँ पर परीक्षा सञ्चालन के समय प्रतिकार्य दिवस 10:30 से 05:30 बजे तक सेल प्रभारी श्री ललित कुमार शर्मा से फोन नं. **97540443442** पर सम्पर्क किया जा सकता है।
22. छात्र महाविद्यालय उत्तरपुस्तिका जमा करने के पश्चात् पावती आवश्यक रुप से प्राप्त करें। प्राचार्य/कार्यालय प्रमुख यह सुनिश्चित करें की परीक्षार्थी ने पावती प्राप्त की है। पावती में जमा उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या आवश्यक रुप से लिखना होगा। परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने वाली पावती का प्रारूप संलग्न है। इस हेतु छात्र से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग नही की जावेगी।

समस्त प्राचार्यों से अनुरोध है कृपया सन्दर्भित शासनादेश के अनुसार सत्र 2020-21 की परीक्षाओं का आयोजन तथा परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार समय सीमा में पूरा करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव**

क्र./मपासंवि/कु.स./2021/54 उज्जैन, दिनांक 28/5/2021

**प्रतिलिपि:-**

1. मान. कुलपति, उपकुलपति, कुलसचिव जी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
2. विभागाध्यक्ष, वि.वि. अध्यापन विभाग, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
3. विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग, म.पा.सं.वि.वि., उज्जैन
4. प्राचार्य, शासकीय रामानन्द संस्कृत महाविद्यालय, लालघाटी भोपाल
5. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना
6. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, लश्कर ग्वालियर
7. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रामबाग इन्दौर
8. प्राचार्य, शासकीय अभयानंद संस्कृत महाविद्यालय, कल्याणपुर, शहडोल
9. प्राचार्य, शासकीय वेंकट संस्कृत महाविद्यालय, रीवा
10. प्राचार्य, शासकीय पुरुषोत्तम संस्कृत महाविद्यालय, खजुरीताल, सतना
11. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन
12. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, भीतरी, जिला सीधी
13. प्राचार्य, श्री रामनाम संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
14. प्राचार्य, श्री राम संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
15. प्राचार्य, ऋषिकुमार संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
16. प्राचार्य, रावतपुरा सरकार संस्कृत महाविद्यालय, रावतपुरा धाम, जिला भिण्ड
17. प्राचार्य, नगरनिगम लोकनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, जबलपुर
18. प्राचार्य, श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय, कटनी
19. प्राचार्य, गणेश संस्कृत महाविद्यालय, गढ़ाकोटा, सागर
20. प्राचार्य, श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया
21. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (परीक्षा), महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
22. डॉ. संकल्प मिश्र, आई.टी. सेल प्रभारी की ओर वेबसाईट पर अपलोड करने तथा महाविद्यालयों को ईमेल करने हेतु।

28/5/2021

**कुलसचिव**

# संलग्नक - 1

उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप

(समस्त कॉलम परीक्षार्थी द्वारा स्वच्छता से भरे जाना आवश्यक हैं)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय का नाम | |
| 2. | महाविद्यालय का नाम<br>(नियमित छात्रों के लिए) | |
| 3. | परीक्षा केन्द्र का नाम<br>(स्वाध्यायी छात्रों के लिए) | |
| 4. | कक्षा | |
| 5. | छात्र का स्टेटस<br>(नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी/भूतपूर्व) | |
| 6. | विषय | |
| 7. | प्रश्नपत्र क्रमांक | |
| 8. | प्रश्नपत्र शीर्षक | |
| 9. | प्रश्नपत्र कोड | |
| 10. | रोल नंबर (अनुक्रमांक) अंको में | |
| | शब्दों में | |
| 11. | एनरोलमेंट नंबर (नामांकन क्रमांक) | |
| 12. | प्रश्नपत्र का दिनांक | |
| 13. | उत्तरपुस्तिका जमा करने का दिनांक | |
| 14. | केन्द्र पर जमा की गई उत्तरपुस्तिका के कुल<br>पृष्ठों की संख्या | |

छात्र के हस्ताक्षर

अग्रेषित संस्था प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील

संस्थाः अग्रेषित किये जाने से पूर्व संस्था छात्र की अर्हता/छात्र द्वारा भरी गई फीस एवं परीक्षा आवेदन पत्र का भी परीक्षण करें।